

## हेमंत मुंदड़ा सम्मानित



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जेएसी के रीजनल चेयरमैन हेमंत मुंदड़ा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक, व्यावसायिक एवं संगठनात्मक योगदान के लिए जेसीआई बिजनेस मेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जेएसी झोन कॉन्फ्रेंस के अवसर पर झोन प्रेसिडेंट संदीप अग्रवाल, जेएसी नेशनल प्रेसिडेंट अंजली बत्रा एवं मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हेमंत मुंदड़ा लंबे समय से व्यापार, युवाओं के मार्गदर्शन एवं सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व और सकारात्मक सोच से संगठन को मजबूती मिली है। इस उपलब्धि पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

## मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का समापन

नवभारत न्यूज

**मूंदी।** संत सिंगाजी शासकीय महाविद्यालय मूंदी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित रोजगारोन्मुखी मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. शहजाद कुरैशी तथा विशेष अतिथि मनोज राठौर एवं नारायण माण्डले उपस्थित रहे। डॉ. कुरैशी ने उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्राप्त पांच विद्यार्थियों को मोबाइल रिपेयरिंग किट प्रदान की तथा विद्यार्थियों को निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मनोज राठौर ने स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर साल्वे ने मार्गदर्शन एवं सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण प्राप्त 50 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड के परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, बौद्धिक विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित शैक्षिक ओलम्पियाड के जिला स्तरीय परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार प्रत्येक जिले से प्रत्येक विषय एवं प्रत्येक कक्षा से एक प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को जिला विजेता के रूप में चयनित किया गया है। जिला स्तर पर 1 से 20 फरवरी 2026 के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजेता विद्यार्थियों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में कुल 32 विद्यार्थियों को जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड विजेता के रूप में सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शैक्षिक ओलम्पियाड के अंतर्गत जिला स्तर की परीक्षाएं दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 को प्रदेश के समस्त विकासखंडों पर आयोजित की गई थीं, जिनमें लगभग 2 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

## महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी खण्डवा द्वारा कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा तथा उनके विचारों पर विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रात: 9:30 बजे गांधी भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, जबकि प्रात: 10:00 बजे नगर निगम चौराहा स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण उत्तमपाल सिंह एवं शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कांग्रेसजनों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## नागरिकों से घर-घर जाकर लें आवेदन- कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान जारी है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर एवं नागरिकों से घर घर जाकर सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में कुल 20 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 4 हजार से अधिक का निराकरण भी किया जा चुका है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के द्वितीय चरण में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि जिन ग्राम पंचायतों के शिविरों में आवेदन कम आए हैं, वहां पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक घर घर जाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करें व प्राप्त आवेदन की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।

## जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

**खण्डवा।** जनगणना-2027 के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऋषव गुप्ता ने बताया कि जनगणना सम्बंधी कार्य के सफल संचालन और मॉनिटरिंग के उद्देश्य से जिला जनगणना समन्वय समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर रहेंगे, जबकि जिला जनगणना अधिकारी को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी इस समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। समिति के अन्य सदस्यों में एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा जिला जनसम्पर्क अधिकारी को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि तहसीलदार तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी जनगणना के दौरान चार्ज अधिकारी के रूप में जनगणना सम्बंधी कार्यों की मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे।

## मोतियाबिंद के 88 मरीजों को नि:शुल्क सर्जरी

**खण्डवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा खालवा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरसूद व पंधाना में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में 222 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए इनमें से चयनित कुल 88 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शेष मरीजों को जिला चिकित्सालय खण्डवा में ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई है।

# मीडिया वाले मुझसे जलते हैं : विजय शाह

## डीन पर कसा तंज, छात्रों को दी सौगातें

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने गुरुवार को खंडवा में अपने चिर-परिचित बेबाक अंदाज और तीखे तेवरों से एक बार फिर सियासी हलचल बढ़ा दी। अवसर था नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ का, लेकिन चर्चा मंत्री के भाषण, मीडिया पर कटाक्ष और कॉलेज प्रबंधन पर कसे गए तंज की ज्यादा रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मंत्री शाह ने भरे मंच से दो टूक कहा— मीडिया वाले मुझसे जलते हैं।

दरअसल, अपने संबोधन के दौरान मंत्री शाह अपने विभाग द्वारा मेडिकल छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस साल 14 छात्रों की फीस भरी है और प्रत्येक को 37-37 लाख रुपये दिए गए हैं। अपनी बात को प्रमाणिक साबित करने के लिए उन्होंने मंच पर ही एक सूची लहराई और अपने पीए को निर्देश देते हुए कहा कि यह लिस्ट मीडिया वालों को दे दो, क्योंकि 'मीडिया वाले मुझसे जलते हैं' और उन्हें लगता है कि मैं मन से कुछ भी बोल देता हूँ। मंत्री का यह बयान वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

मंत्री का आक्रामक रुख यहीं नहीं थमा। कॉलेज के विकास और बजट की मांग को लेकर उन्होंने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दादू पर भी चुटकी ली। जब डीन ने कॉलेज के विस्तार और अस्पताल के लिए आवंटित जमीन पर बजट की मांग रखी, तो शाह ने खुद को 'डाकिया' संबोधित करते हुए कहा कि आपको छह साल बाद इस 'डाकिये' की याद आई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब जब बुला ही लिया है, तो यह डाकिया आपकी मांग सरकार तक जरूर पहुंचाएगा।

तमाम तल्खी के बीच मंत्री ने मेडिकल छात्रों के लिए अपना खजाना भी खोला। छात्रों की परिवहन समस्या को देखते हुए उन्होंने घोषणा की कि मार्च महीने तक कॉलेज को एक बस उपलब्ध करा दी जाएगी। हालांकि, यहाँ भी उन्होंने एक शर्त जोड़ दी कि बस के डीजल और ड्राइवर का खर्च कॉलेज प्रबंधन को खुद उठाना होगा, जिसका लिखित आश्वासन डीन को देना पड़ेगा। इसके अलावा, उन्होंने जिला अस्पताल में पीपीपी मॉडल के तहत जल्द ही एमआरआई सुविधा शुरू करने का भरोसा दिलाया।



समारोह में मंत्री ने फॉरेंसिक साइंस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ते अपराधों की गुत्थी सुलझाने में यह विज्ञान अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विदेश में मेडिकल की पीजी करने वाले आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए सरकार की योजना का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार ऐसे छात्रों को प्रतिवर्ष 40 हजार अमेरिकी डॉलर की सहायता और हवाई किराया देती है। अब तक 14 छात्र इस योजना का लाभ लेकर विदेश जा चुके हैं।

कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय भी मंचासीन थे। विधायक तन्वे ने फॉरेंसिक साइंस को सच्चाई तक पहुँचने का सशक्त माध्यम बताया, जबकि कलेक्टर ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ 'कम्युनिकेशन स्किल' और 'भीड़ प्रबंधन' सीखने की सलाह दी, ताकि वे अस्पतालों में विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें। कुल मिलाकर, यह आयोजन विज्ञान पर मंथन के साथ-साथ मंत्री के सियासी बयानों का भी गवाह बना।



## डॉ. श्रीराम परिहार का स्वागत

**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** स्थानीय माणिक्य स्मारक वाचनालय में गुरुवार को प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार एवं वक्ता डॉ. श्रीराम परिहार का वाचनालय समिति द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। संस्था अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि भोपाल में संत सिंगाजी महाराज के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन तथा निमाड़ी संस्कृति के उत्थान में उनके योगदान के लिए डॉ. परिहार को पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. परिहार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में सचिव भूपेन्द्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष राजेंद्र भार्गव सहित समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एडीएम ने पार्वती बाई धर्मशाला में फहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पार्वती बाई धर्मशाला परिसर में विद्वान पंडित के मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। मुख्य अतिथि धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एडीएम सृष्टि देशमुख ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के उद्घोष किए। एडीएम सृष्टि



देशमुख ने उपस्थित नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्वों को उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मिठाई वितरित की गई। ध्वजारोहण कार्यक्रम में ट्रस्टी विजय राठी, धर्मशाला प्रबंधक बी.एस. मालवीय, एडवोकेट आर.डी. गुप्ता सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं धर्मशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## यातायात पुलिस द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले में 01 से 31 जनवरी 2026 तक चल रहे यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन खण्डवा में स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार एवं सूबेदार धर्मेन्द्र गौर द्वारा आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में सुंदरबाई गुप्ता स्कूल, एक्सलैस स्कूल एवं एमएन




स्कूल के जूनियर व सीनियर वर्ग के 20-25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध का विषय 'सुरक्षित यातायात में आमजन की भूमिका' रहा। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 102 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 59,200 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु समझाइश दी गई।

## महाशिवरात्रि पर्व पर शांकर समारोह आयोजित होगा

**खण्डवा।** प्रदेश शासन संस्कृति विभाग की कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओंकारेश्वर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शांकर समारोह का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को किया जाएगा। कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि यह आयोजन ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के तट पर स्थित नागर घाट पर होगा। इस अवसर पर शोध संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में आमन्त्रित विद्वान आदि शंकराचार्य के अद्वैत वेदान्त पर केन्द्रित शोधपत्रों का वाचन करेंगे।

## खंडवा चलाएगा साइकिल, लकी ड्रॉ में होंडा एक्टिवा जीतने का मौका

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** रविवार को सुबह 7 बजे भव्य साइक्लाथन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दुस्तान अभिकरण, सेठी टोयोटा एवं सेठी होंडा के सहयोग से आयोजित इस साइक्लाथन के लिए शहर में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में साइक्लिस्ट एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं नि:शुल्क पंजीयन करा रहे हैं। पंजीयन के साथ ही प्रतिभागियों को बिब दिए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से लकी ड्रॉ आयोजित किया जाएगा।

सेठी ट्रस्ट के आलोक सेठी एवं पर्व सेठी ने बताया कि साइक्लाथन में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक साइकिल चालकों का उत्साहवर्धन करेंगे। अब तक सोफिया कान्वेंट स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित हो चुकी है।

साइक्लाथन इंदौर नाका स्थित सेठी होंडा से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन मार्ग से होते हुए पुन: सेठी होंडा पर समाप्त होगी। आयोजन के दौरान नगरवासियों से साइक्लिस्टों को सहयोग करने की अपील की गई है।

## एसएन कॉलेज में नई शिक्षा व एआई विषय पर संगोष्ठी होगी

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** एसएन कॉलेज, खंडवा में 30 जनवरी से 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ सोमपाल सिंह ने बताया कि यह संगोष्ठी नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, अनुसंधान, नवाचार एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उच्च शिक्षा में महत्व जैसे समसामयिक विषयों पर केन्द्रित रहेगी। संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से प्रख्यात शिक्षाविद्, नीति विशेषज्ञ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ तथा वरिष्ठ वक्ता सम्बोधित करेंगे। प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि आमंत्रित विशेष वक्ताओं में भोपाल के डॉ पी.के. पुरोहित व डॉ एस गणपथी, चायना की डॉ पूर्वा शर्मा, पुणे के श्री शाश्वत जैन इस राष्ट्रीय सेमीनार में प्रतिभगियों को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में शोधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। यह संगोष्ठी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं महत्वपूर्ण सिद्ध होगी तथा उच्च शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देगी।

## कर्मचारियों का तीन माह से वेतन अटका, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सह-अस्पताल खण्डवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गुरुवार को कर्मचारियों ने प्रदेश के जनजातीय कार्य एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह, विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

समाजसेवी एवं पूर्व रोगी कल्याण समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि कर्मचारी वर्ष 2018




से मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय से सेवाएं दे रहे हैं और कोरोना काल में भी जोखिम उठाकर कार्य किया। कर्मचारियों ने बताया कि मल्टी टास्किंग पदों के लिए वेतन मद निर्धारित नहीं होने से नवंबर 2025 से भुगतान रुका है। ज्ञापन में लंबित वेतन, बोनस, एरियर्स एवं लीव वेजेस के भुगतान की मांग की गई। मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## पुरूषों की अपेक्षा माताओं में दयालुता अधिक होती है :उपमन्यूजी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के रामनगर में चल रही शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे पं बनवारी भाई उपमन्यू महाराज ने कहा कि इंद्र पुत्र जयंत ने सीताजी को कौआ बनकर चौंच से प्रहार किया। इस पर रामजी जयंत पर क्रुद्ध हो गये, परंतु माता सीता ने क्षमा कर दिया। महाराजजी ने भगवान शिव की महिमा सुनाते हुए कहा कि समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शिव ने स्वीकार करके देवताओं को अमृत पिलाया। इसलिए भगवान शिव नीलकंठ कहलाये। संसार में जो कडवाहट को झेलकर परोपकार करता रहता है वही व्यक्ति महान बनता है। सभी माताओं भक्तों ने पार्थेश्वर का निर्माण पूजन अभिषेक करके पुण्यलाभ प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में मौन धारण आज

**खण्डवा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 मिनट के लिए मौन धारण कर सभी काम और आवागमन बंद किया जाता है। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मौन धारण के लिए सजग करने के उद्देश्य से सुबह 10:59 बजे सायरन बजाया जाएगा तथा सुबह 11:02 बजे से फिर से ऑल क्लियर सायरन बजाया जाएगा, ताकि जो व्यक्ति जहां है वहीं खड़े होकर मौन धारण कर सके। उन्होंने सभी स्कूल, कॉलेज व शासकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर मौन धारण के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

**खण्डवा।** पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज कुमार राय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 81 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई कर ?31,300 समन शुल्क वसूला गया। अवैध शराब के मामलों में विभिन्न थानों द्वारा 16 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं जुआ एक्ट के अंतर्गत हार-जीत का दांव लगाते हुए पकड़े गए आरोपियों से ताश पत्ते एवं नगद राशि जप्त की गई। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न थानों में 31 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई।